# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

October & November-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 19


## अतुल मिस्टर फ्रेशर तो स्नेहा बनी मिस फ्रेशर



आईबी कॉलेज में आयोजित फ्रेशर पार्टी के दौरान प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से एमए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में एमए प्रथम वर्ष से मिस्टर फ्रेशर अतुल, मिस फ्रेशर स्नेहा, मिस्टर इंटेलीजेंट अमरजीत, मिस पर्सनालिटी मनीषा घोषित किए गए। वहीं कुवि की परीक्षा में प्रथम रही पूजा, सातवें स्थान पाने पर मोनिका और आठवां स्थान प्राप्त करने पर छात्रा निशा को पुरस्कार से भी नवाजा गया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उप प्रधानाचार्य डॉ. शशिप्रभा, विभागाध्यक्ष डॉ. किरण मदान, डॉ. पूनम मदान, डॉ. शर्मिला यादव, लेफ्टिनेंट राजेश और खुशबू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. अजय ने कहा कि एमए राजनीतिक शास्त्र का चुनाव न केवल एक शैक्षणिक निर्णय है, बल्कि आपकी समझ विकसित करता है।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

## आईबी कालेज में एकांकी नाटक का मंचन

सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल

पानीपत, 1 अक्तूबर : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा तृतीय वर्ष में एकांकी नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को इस तरह के प्रोग्राम में भागीदारी लेने के लिए प्रेरणा दी। यह विद्यालय के छात्रों के लिए बेहद सहायक है। इन नाटकों में जो संदेश मिलता है वह हमारी जिंदगी में बदलाव ला सकते हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने कहा कि अगर हमें अपना पूर्ण विकास करना है तो शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों में भी योगदान करना होगा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने अपने विचार प्रकट किये। प्रतियोगिता में स्मृति और निक्की ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर दीपिका और अंजलि रही। तृतीय स्थान पर निखिल ,प्रियांशु और हिमांशु ने सांत्वना पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता का संचालन क्लास की मैटर रीना व रुचिका बत्रा ने किया।



नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थी। (मोहन लाल)

दैनिक सवेरा Wed, 02 October 2024
epaper.dainiksaveratimes.in/c/75963889

## आईबी कालेज में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



विजेता छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. अजय गर्ग व अन्य। (मोहन लाल)

सवेरा न्यूज/मोहन लाल पानीपत : आईबी पीजी महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। कालेज के प्रधानाचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में तार्किक क्षमता और ज्ञान को बढ़ाती हैं। तथा इसके साथ-साथ छात्रों में आत्मविश्वास और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता में भी सुधार होता है। गणित केवल विषय ही नहीं है बल्कि यह जीवन के हर पहलू में हमारी सोच को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण साधन है और यह आजीविका के कई अलग.अलग रास्ते भी खोलता है। विभागाध्यक्ष डा. अर्पणा गर्ग ने कहा कि गणित विभाग द्वारा इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित की जाती हैं जिससे विद्यार्थियों का विश्लेषणात्मक बुद्धि व तार्किक सोच का विकास हो सके। यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता डा. पूनम गुप्ता की देख-रेख में समपन्न हुई। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की रूबी प्रथम, तमन्ना द्वितीय तथा मोनिका तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य ने विजयी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही विभागाध्यक्ष डा. अर्पणा गर्ग ,डा. पूनम गुप्ता, प्रो. कोमल व प्रो. कीर्ति ने विजयी छात्राओं की सराहना की।

04 आज समाज
पानीपत, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024

## एम कॉम फाइनल के छात्र- छात्राओं के लिए शोध पत्र राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



पानीपत। जी.टी रोड स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत, में एमकॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए 'शोध पत्र राइटिंग' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रोजगार प्रदर्शन पर ह्यूमन संसाधन प्रबंधन अभ्यास का प्रभाव एवम उपभोक्ता व्यवहार पर विपणन का प्रभाव जैसे विषयों पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने छात्र- छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शोध पत्र प्रकाशित करना अक्सर अकादमिक पदोन्नति और कार्यकाल के लिए एक आवश्यकता होती है। यह शोधकताओं को अपने क्षेत्र में खुद को विशेषज्ञ के रूप में स्थापित करने और अपने काम के लिए मान्यता प्राप्त करने में भी मदद करता है। इससे उन्नति के नए अवसर मिल सकते हैं और शोधकताओं को उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए प्रतिष्ठा बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता के युग में भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए इस तरह की गतिविधियों में भाग लेना जरूरी है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित करने से शोधकर्ता और शोध को विश्वसनीयता मिलती है, और शोधकर्ता और उनके काम में जनता का भरोसा बढ़ सकता है। इससे शोधकर्ता को फंडिंग, सहयोग और अन्य अवसर प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के अंदर की प्रतिभा निखर कर आती है और उन्हें व्यवहारिक जीवन से अवगत करवाती है। इस प्रतियोगिता का आयोजन एम कॉम फाइनल ईयर की मेंटर सुश्री रूहानी शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका सुश्री निशा गुप्ता ने निभाई इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी , द्वितीय स्थान सिमरन , तृतीय स्थान काजल व सांत्वना पुरस्कार मंजू ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**"It's fine to celebrate success, but it is more important to heed the lessons of failure." - Bill Gates**


Editor-in-Chief: Dr. Ajay Kumar Garg    Edited, Drafted & Designed by: Dr. Sunita Dhanda, Dr. Nidhi, Sh. Ashwani Gupta

I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

October & November-2024

Issue No: 19



पानीपत। आईबी कॉलेज में बापू को श्रद्धांजलि देते हुए टीचर्स व स्टूडेंटस।

## आईबी कॉलेज में अहिंसा दिवस मनाया

पानीपत। आईबी कॉलेज में संस्कारशाला क्लब एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अहिंसा दिवस मनाया गया, साथ ही भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया गया। इस उपलक्ष्य पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने महात्मा गांधी कि प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। डॉ गर्ग ने गांधी जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ निधान सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है यदि आज के युग में युवा वर्ग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बना सकता है। इस अवसर पर डॉ शर्मीला यादव, प्रो राजेश कुमार, प्रो इरा गर्ग, प्रो अंजलि गुप्ता, प्रो विनय भारती, प्रो आंचल, प्रो पूजा रूहल एवं विद्यार्थियों ने बापू व व लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी।

### बापू व शास्त्री को याद किया

पानीपत। चौधरी देवीलाल मेमोरियल पीजी कॉलेज गांव सिवाह में वूमेन और लीगल सैल द्वारा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के लिए सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में महाविद्यालय की छात्राओं ने कविता पाठ, वाद विवाद प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से दोनों महान देशभक्तों को शत-शत नमन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सुमन लता, प्रो प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

## आईबी पीजी कॉलेज क्विज में रूबी प्रथम

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में गणित विभाग द्वारा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रूबी प्रथम तमन्ना द्वितीय तथा मोनिका तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य ने विजयी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष डा. अर्पणा गर्ग, डॉ. पूनम गुप्ता, प्रो. कोमल व प्रो. कीर्ति आदि उपस्थित रहे।

www.punjabkesari.in पानीपत

## स्वच्छता ही सेवा थीम पर एन.एस.एस. और यूथ रैड क्रॉस द्वारा निकाली गई रैली




स्वच्छ भारत अभियान जागरूक करते विद्यार्थी।

पानीपत, 2 अक्तूबर (खर्ब) : जी.टी. रोड स्थित स्थानीय आई. बी. (पी.जी.) महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एन.एस.एस. इकाई द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भी युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। आज स्वच्छता ही सेवा थीम पर एन.एस.एस. और यूथ रैड क्रॉस द्वारा रैली निकाली गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है। स्वच्छता हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है और यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि एक आदत होनी चाहिए। स्वच्छता समाज को भी स्वच्छ रखने में मदद करती है।

### गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रूबी प्रथम, तमन्ना द्वितीय



विजेताओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग।

पानीपत के सुप्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आई. बी.(पी.जी.) महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता और ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता में भी सुधार होता है।

विभागाध्यक्ष डॉ. अर्पणा गर्ग ने कहा कि गणित विभाग द्वारा इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित की जाती हैं जिससे विद्यार्थियों का विश्लेषणात्मक बुद्धि व तार्किक सोच का विकास हो सके। यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता डॉ. पूनम गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की रूबी प्रथम, तमन्ना द्वितीय तथा मोनिका तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य महोदय ने विजयी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही विभागाध्यक्ष डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. पूनम गुप्ता, प्रो. कोमल व प्रो. कीर्ति ने विजयी छात्राओं की सराहना की।

## स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

पानीपत। आईबी पीजी महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एनएसएस इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है। स्वच्छता हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है और यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि एक आदत होनी चाहिए। स्वच्छता की एक अच्छी आदत न केवल हमारे हृदय को स्वच्छ रखती है, बल्कि समाज को भी स्वच्छ रखने में मदद करती है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से कॉलेज में प्रतिदिन विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संवाद

"Believe you can and you're halfway there." - Theodore Roosevelt

04 आज समाज पानीपत, शुक्रवार, 04 अक्तूबर, 2024 पानीपत


### आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया प्रेशर पार्टी का आयोजन

आज समाज नेटवर्क



पानीपत। आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग, डॉ निधान सिंह, डॉ अर्पणा गर्ग, डॉ विक्रम, डॉ पूनम गुप्ता, संगीता तथा अन्य द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इन विद्यार्थियों को आगे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए बुलंदियों को छूना है तथा अपने महाविद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन करना है। बी. एस.सी.द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अहम भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों नृत्य, गायन आदि में भाग लेकर कार्यक्रम को चार चांद लगाए।प्रथम वर्ष का छात्र अमन मिस्टर फ्रेशर व छात्रा नैंसी मिस फ्रेशर बनी। सिमरन ने स्टार ऑफ द डे व आकांक्षा ने मोस्ट टैलेंटेड का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर गणित विभाग से मनीष, कोमल, कीर्ति, प्रियंका, मुस्कान, आरती, रसायन विभाग से ईरा गर्ग, वसुंधरा तथा भौतिक विभाग से रीना एवं नॉन टीचिंग स्टाफ ने भी शिरकत कर इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

### लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**क्रिएटिव**

लोगो डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों की सोच को क्रिएटिव बनती है : डॉ अजय कुमार गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )** आई बी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य विषय साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल मार्केटिंग रहे। इस प्रतियोगिता में 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। लोगो डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों की सोच को क्रिएटिव बनती है और बच्चों की सोचने और समझने की शक्ति को मजबूत करती है जिसकी मदद से बच्चे प्रोफेशनल लोगो डिजाइनर बन सकते हैं और अपना करियर बना सकते हैं। कालेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुधार के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करता है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने भी विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया और उन्हें इसी तरह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जय गहलोत रहे। द्वितीय स्थान पर रिया और नैंसी रही। तृतीय स्थान पर श्रुति रही और सांत्वना पुरस्कार गायत्री को दिया गया।

### स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में रूपाली व कोमल प्रथम

सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल



स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रमाण पत्रों के साथ। (मोहन लाल)

पानीपत, 7 अक्तूबर : आईबी पीजी महाविद्यालय में बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सेफ्टी रूल्स और यूनिटी रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रूपाली व कोमल, द्वितीय स्थान पर अमन व तनु, तृतीय स्थान पर वरिंदा व दीपाली को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि आज विद्यार्थी तेजी से अपने वाहनों को चलाते हुए दुर्घटना का शिकार हो रहे है उन्हें सेफ्टी रूल्स के बारे में समझना चाहिए। जल्दी न करते हुए उन्हें सेफ्टी के साथ ट्रैफिक रूल्स को अपनाना चाहिए। ट्रैफि क के नियमों का पालन करना चाहिए। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को शिक्षा के साथ-साथ अपनी स्किल्स को भी बढ़ाना चाहिए। प्रतियोगिता का आयोजन बीबीए प्रथम वर्ष क्षेत्र की मैटर सोनिया विरमानी द्वारा किया गया।


सच कहूँ मँच वहीं epaper.sachkahoon.com
10 Oct 2024 - Page 11


### आईबी महाविद्यालय में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**पानीपत (सच कहूँ न्यूज)।** आई बी पीजी महाविद्यालय में बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय ज्ञान साझा करना एक महा शक्ति व पेड़ लगाओ और जीवन बचाओ रहे। इस प्रतियोगिता में कक्षा के लगभग 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी,द्वितीय स्थान पर तनु व प्रिया , तृतीय स्थान पर अनन्या व गरिमा ने सांत्वना पुरस्कार जीता। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग जी ने विद्यार्थियों को उनके सफल प्रदर्शन पर संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ बचाओ जीवन बचाओ यह एक नारा ही नहीं बल्कि यह एक जिम्मेवारी है जिसका निर्वाह प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए व दुनिया में सबसे शक्तिशाली चीज ज्ञान है क्योंकि यह पृथ्वी पर जीवन का निर्माण और विनाश दोनों कर सकता है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ते रहना चाहिए ।

वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुनित शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को शिक्षा के साथ-साथ अपने स्किलस को भी बढ़ाना चाहिए और उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के हौसले की प्रशंसा की। प्रतियोगिता का आयोजन बीकॉम प्रथम वर्ष की मेंटर साक्षी मुंजाल द्वारा किया गया।

### विद्यार्थियों के लिए 'हेयर डू' प्रतियोगिता का आयोजन किया

प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उनके कौशल को निखारना था



**उज्जवल**

केंद्र के संयोजक अजयपाल सिंह जी ने भी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )** जी.टी. रोड स्थित आई.बी. पी.जी. कॉलेज, पानीपत में कौशल विकास केंद्र द्वारा "ब्यूटी एंड वेलनेस" सर्टिफिकेट कोर्स के विद्यार्थियों के लिए एक 'हेयर डू' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उनके कौशल को निखारना था। कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यों की प्रशंसा की और उनके प्रयासों को सराहा एवं उनको भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भरता और कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। कौशल विकास केंद्र के संयोजक अजयपाल सिंह जी ने भी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के अंदर आत्मविश्वास पैदा करती हैं प्रतियोगिता का आयोजन कौशल समन्वयक मिस शालू और मिस बबीता द्वारा किया गयो इस गतिविधि में 12 छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी उत्कृष्टता से सभी को प्रभावित किया उन्होंने न सिर्फ हेयर स्टाइलिंग के नए-नए तरीकों को सीखा, बल्कि आत्मविश्वास और रचनात्मकता में भी वृद्धि की। इस प्रतियोगिता का परिणाम निर्णायक मंडल मिस राजेश बाला, मिस अंशिका, कौशल समन्वयक मिस शालू एवं मिस बबीता द्वारा किया गया जो इस प्रकार है बीए सेकंड प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी प्रथम ,बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शिवानी द्वितीय स्थान पर, बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं प्रेरणा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया यह प्रतियोगिता छात्राओं के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ और सभी ने इसके सफल आयोजन के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर कमेटी के मौजूद सभी सदस्य को धन्यवाद दिया।


04 आज समाज पानीपत, बुधवार, 09 अक्तूबर 2024


### विश्लेषणात्मक सोच का समर्थन करता है गणित : डॉ गर्ग

आज समाज नेटवर्क



पानीपत। आईबी कॉलेज में गणित विभाग एम.एस.सी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए क्विज का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ अजय गर्ग ने कहा कि जब विद्यार्थी गणितीय समस्याओं को हल करते हैं, तो वे आलोचनात्मक सोच, तार्किक तर्क और समस्या समाधान में संलग्न होते हैं गणित विश्लेषणात्मक सोच का समर्थन करता है और कई अलग अलग आजीविका के रास्ते खोलता है इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ अर्पणा गर्ग ने कहा कि गणित विभाग समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। जिससे विद्यार्थियों की बेहतर रणनीतिक सोच का विकास होता है। इससे शिक्षकों को भी यह समझने में मदद मिलती है कि विद्यार्थियों को कहां मदद की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में छात्रा आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर करण व तृतीय स्थान पर आशु रही। इस प्रतियोगिता का संचालन सुश्री कीर्ति द्वारा किया गया। विजयी विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# इंटर्नशिप में आईबी कॉलेज के 43 विद्यार्थियों का चयन

माई सिटी रिपोर्टर

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में प्लेसमेंट एवं कॅरिअर गाइडेंस इकाई और मेधा लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए मानव संसाधन क्षेत्र में टॉप ट्रूव कंपनी द्वारा एक इंटर्नशिप का मौका दिया गया। जिसमें लगभग 43 विद्यार्थियों का चयन हुआ।

इसके अलावा इंटर्नशिप की सारी रूपरेखा बताने के लिए कंपनी की तरफ से एक ऑनलाइन सत्र का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को कॅरिअर की खोज, विकास और नए कौशल सीखने का अवसर देता है। यह छात्रों को वर्क प्लेस में नए विचार और ऊर्जा लाने, प्रतिभा विकसित करने और भविष्य के फुल टाइम कर्मचारियों के लिए संभावित रूप से एक लिंक बनाने का अवसर प्रदान करता है।

प्लेसमेंट एवं कॅरिअर गाइडेंस सेल की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग ने कहा कि इंटर्नशिप करने से आपको उस करियर क्षेत्र में अनुभव मिलता है जिसे आप अपनाना चाहते हैं। इससे न केवल व्यक्तियों को नौकरी के लिए आवेदन करते समय अन्य उम्मीदवारों पर बढ़त मिलती है, बल्कि यह उन्हें अपने क्षेत्र में क्या उम्मीद करनी है, इसके लिए तैयार भी करता है। इस इंटर्नशिप की ऑनलाइन सत्र की वक्ता खुशबू रही।

# भाषण में सिमरन ने मारी बाजी

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भ्रष्टाचार एवं सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विषयों पर 21 विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें सिमरन ने प्रथम, प्रज्ञा व हिमांशी संयुक्त रूप से द्वितीय और रितिक तृतीय स्थान पर रहे। खुशी और शशि कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ज्योति गहलोत और प्रोफेसर तमन्ना ने किया। छात्र प्रिंस ने इसको सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और सर्वांगीण विकास होता है। संवाद

# आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहंदी के विभिन्न डिजाइन प्रदर्शित किए




*मेहंदी दिखातीं छात्राएं एवं शिक्षिकाएं।*

पानीपत, 19 अक्तूबर (खर्ब) : आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवा चौथ के अवसर पर आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। इसमें महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सीमा ने कहा कि मेहंदी नारी श्रृंगार का एक अभिन्न अंग है। करवा चौथ के अवसर पर मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है और यह भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि छात्राओं में सृजनात्मकता के प्रति रुचि जागृत करने के लिए हर साल यह प्रतियोगिता कराई जाती है। विद्यार्थियों ने अपनी प्राध्यापिकाओं के हाथों में मेहंदी लगाई और विद्यार्थियों ने मेहंदी के विभिन्न डिजाइनों को प्रदर्शित किया।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने कौशल को बढ़ाना चाहिए और इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. शशि प्रभा, डॉ. किरण मदान और ईरा गर्ग ने निभाई।

इसमें प्रथम स्थान पर तनु बी.एससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर कोमल बी.एससी तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर ईशिका बी.सी.ए. तृतीय वर्ष तथा सांत्वना पुरस्कार प्रिया बी.ए. तृतीय वर्ष को मिला। इस प्रतियोगिता में डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. मोनिका, सुश्री सोनिया वर्मा, आकांक्षा शर्मा व अंशिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इंडस्ट्रियल अकाउंट ट्रेनिंग विषय पर सर्टीफिकेट कोर्स का शुभारम्भ



*स्किल कोर्स में भाग लेते विद्यार्थी।*

**जी.टी.** रोड स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्केटिंग विभाग एवं कल्याणी एजुकेशन वैलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 3 महीने का औद्योगिक लेखा परीक्षण (इंडस्ट्रियल अकाउंट ट्रेनिंग) विषय पर एक सर्टीफिकेट कोर्स का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने करते हुए कहा कि सर्टीफिकेट कोर्स करने से विद्यार्थियों को किसी खास स्किल या विषय क्षेत्र में ज्ञान हासिल होता है और प्रोफैशनल लाइफ में काम करने के लिए जरूरी स्किल्स मिलती हैं। इसलिए हम अपने महाविद्यालय में समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए ऐसे विभिन्न तरीके के सर्टीफिकेट कोर्स करवाते रहते हैं ताकि इन कोर्सों से विद्यार्थियों की दक्षता और क्षमता में वृद्धि हो सके और भविष्य में उनको रोजगार के साधन भी उपलब्ध हो जाए।

सर्टीफिकेट कोर्स की संयोजिका मार्किटिंग विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम मदान ने कहा कि आज के प्रतियोगिता वाले वातावरण में जीतने के लिए विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का होना बहुत जरूरी है।

कल्याणी एजुकेशन वैलफेयर ट्रस्ट की तरफ से सुनील ने बताया कि इस कोर्स में विद्यार्थियों को जी.एस.टी. की संपूर्ण अवधारणा, आपूर्ति के प्रकार, आपूर्ति का स्थान, कराधान का बिंदु, इनपुट टैक्स क्रैडिट और रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म, चालान नियम एवं ई-वे बिल, इलैक्ट्रॉनिक कैश रजिस्टर, इलैक्ट्रॉनिक क्रैडिट रजिस्टर इत्यादि विषयों पर स्किल सिखाई जाएंगी। इस अवसर पर माधवी, निशा गुप्ता एवं मनीष कुमार मौजूद रहे।

## टेक्निकल कोर्स कर आत्मनिर्भर बनें विद्यार्थी

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्केटिंग विभाग एवं कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में तीन महीने का औद्योगिक लेखा परीक्षण (इंडिस्ट्रयल अकाउंट ट्रेनिंग) विषय पर एक सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारम्भ किया गया है। इस कोर्स का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि सर्टिफिकेट कोर्स करने से विद्यार्थियों को किसी खास स्किल या विषय क्षेत्र में ज्ञान हासिल होता है और प्रोफेशनल लाइफ में काम करने के लिए जरूरी स्किल्स मिलती हैं। सर्टिफिकेट कोर्स की संयोजिका मार्केटिंग विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम ने कहा कि आज के प्रतियोगिता वाले वातावरण में जीतने के लिए विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का होना बहुत जरूरी है।

## आईबी कालेज में डैक्लामेशन प्रतियोगिता



डेक्लामेशन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल**

पानीपत, 21 अक्तूबर : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान के तत्वाधान में डेक्लामेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय फयूचर सोर्श आफ एनर्जी एण्ड वायरलेस इलैक्ट्रीसिटी रहा। इसमें 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि दैनिक जीवन के सभी पहलुओं में वायरलेस पावर ट्रांसफर तकनीक का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञान एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। विद्यार्थियों की विषय के प्रति रुचि पैदा होती है। भौतिकी विभागाध्यक्षा प्रो.सोनिया ने कहा कि वायरलेस तकनीक के प्रयोग से हमारा पर्यावरण कार्बन डाइऑक्साइड गैस मुक्त होगा। प्रतियोगिता का संचालन प्रो.रीना ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैंसी, द्वितीय तमन्ना और तृतीय स्थान पर ज्योति रही।

## लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता में तनिष्क ने मारी बाजी



लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/मोहन लाल**

पानीपत, 21 अक्तूबर : जीटी रोड स्थित आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लोगो डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य विषय उपभोक्ता संरक्षण और स्टॉक मार्किट रहे। कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के शैक्षणिक सुधार के साथ.साथ बौद्धिक विकास भी होता है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने भी विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया और उन्हें इसी तरह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तनिष्क अग्रवाल, द्वितीय पर मुस्कान, तृतीय पर गरिमा वर्मा और सांत्वना पुरस्कार नेहा को दिया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बीकॉम द्वितीय वर्ष की मेंटर जागृति द्वारा किया गया।




“Be the change that you wish to see in the world.” — Mahatma Gandhi

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

October & November-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 19

## आईबी कालेज में कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता



आईबी कालेज में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल, पानीपत :** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय उपभोक्ता संरक्षण व डिजिटल इंडिया रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टीना व कृतिका, द्वितीय स्थान पर नैंसी, तृतीय स्थान पर पायल व दीक्षा और देविका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण बाजार में अनुचित व्यवहारों के विरुद्ध वस्तुओं और सेवाओं के खरीदारों और आम जनता की सुरक्षा करने का कार्य करता है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा भारत को डिजिटल रूप से सशक्त देश में बदलने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है व डिजिटल इंडिया के माध्यम से भारत में डिजिटल शिक्षा को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा, बीकॉम तृतीय वर्ष के मेंटर अजय पाल सिंह और आकांक्षा शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

## आईबी कालेज में 6 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल

पानीपत, 23 अक्तूबर : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट एंड करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्रों के लिए वाक्स-टाक्स इंटर्नशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 6 दिनों की श्रृंखला में पूरा किया जाएगा जिसमें तीन दिन विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी जाएगी और दो दिनों में सर्वेक्षण का काम दिया जाएगा। इसके अलावा छठे दिन विद्यार्थियों को इस सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट साझा करनी होगी। आयोजन प्रथम फाउंडेशन के अंतर्गत वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट द्वारा किया गया था। जिसमें 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यह बताना था कि किस तरह से वे अपने भविष्य की अनिश्चिताओं को दूर कर सकते हैं और सर्वे करने का तरीका बताया। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग, प्लेसमेंट एंड करियर गाइडेंस इकाई की संयोजिका डॉ.अर्पणा गर्ग द्वारा कमल सीनियर एसोसिएट, निशा डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स लीडर को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित करके किया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि आज के युग में प्रथम फाउंडेशन के नेतृत्व में एक वार्षिक, घरेलू सर्वेक्षण है। प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की संयोजिका डॉ.अर्पणा गर्ग ने कहा कि हमारा सेल विद्यार्थियों के विकास के अवसर उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। इस अवसर पर निशा गुप्ता, रुचिका और मेधा फाउंडेशन से शाहिद, छवि, वैभव और अमन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



कार्यक्रम में पहुंचने मेहमानों का स्वागत करते प्राचार्य डा.अजय गर्ग।(मोहन लाल)

दैनिक सवेरा Thu, 24 October 2024
epaper.dainiksaveratimes.in/c/76101257

---

सच कहूँ | मॅच वहूँ
epaper.sachkahoon.com
27 Oct 2024 - Page 13

## राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन शॉर्ट वीडियो ऐड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**पानीपत (सच कहूँ न्यूज)।** जी.टी. रोड स्थित आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्केटिंग विभाग के तत्वावधान में एक राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन शॉर्ट वीडियो ऐड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लगभग 35 वीडियो प्राप्त हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारे महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। इसी के तहत हम समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाते रहते हैं ताकि उनमें आत्मविश्वास बढ़े और उनका सवार्गीण विकास हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि इन प्रतियोगिताओं को कराने से विद्यार्थियों में पब्लिक स्पीकिंग, रचनात्मक कलाएं इत्यादि स्किल्स विकसित होती हैं और इन स्किल्स के माध्यम से वह इस महाविद्यालय से निकलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर इस प्रतियोगिता की संयोजिका और मार्केटिंग विभाग की विभागाध्यक्षया डॉ. पूनम मदान ने कहा कि आज के युग में मार्केटिंग का क्षेत्र सुनहरे अवसर प्रदान कर रहा है और उत्पाद या सेवा हर व्यवसाय की जीवन रेखा होती है, आप कितना भी अच्छा उत्पाद बना ले , जब तक उसकी मार्केटिंग अच्छी नहीं की जाएगी उसे नहीं बेचा जा सकता।

इस प्रतियोगिता के सह संयोजिका डॉ. निधि और प्रो. माधवी ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देकर उनका मनोबल बढ़ाया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ.निधि, सुश्री माधवी, ने निभाई। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. निधि, सुश्री माधवी, श्री विनय भारती, सुश्री दीप्ति जुनेजा, सुश्री निशा गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई। विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं ऑनलाइन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

04 **आज समाज** पानीपत, मंगलवार, 29 अक्तूबर 2024 **पानीपत**

## आईबी कॉलेज के छात्रों ने किया एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रोहतक का औद्योगिक दौरा

आज समाज नेटवर्क

पानीपत। जी.टी. रोड स्थित आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेधा कोर्स के लगभग 42 विद्यार्थियों को एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रोहतक का औद्योगिक दौरा करवाया गया। इस दौरे को प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग और प्लेसमेंट एवं करियरगाइडेंस इकाई की ऑफिसर डॉ अर्पणा गर्ग ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवानाकिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा - हमाराउद्देश्य रहता है कि हम विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार उन्मुख बनाएं ,इसीक्रम में महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को भिन्न प्रकार के अवसर प्रदान करता रहाहै। प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की ऑफिसर डॉ अर्पणा गर्ग ने कहा -प्रैक्टिकल एक्सपोजर विद्यार्थियों को अपने कैरियर के चुनाव में बहुत मदद करता हैं,हमारीकोशिश है कि प्रत्येक विद्यार्थी अध्यन के साथ अपने कैरियर के लक्ष्य के लिए भी तैयार रहे। एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रोहतक युवाओं के लिए प्रचुर अवसर प्रदान करता है। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्रसिद्ध एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रोहतक में विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमणकरवाया।

यह हरियाणा का प्रथम एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र है जोकि 2019 से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसको बनाने में 130 करोड़ रुपए की लागत आई। सर्वप्रथम विद्यार्थियों को ऑडिटोरियम ले जाया गया वहां पर उन्हें एमएसएमई सेक्टर के बारे में जानकारी दी गई तत्पश्चात उन्होंने प्रौद्योगिकी केंद्र के प्रोडक्शन एरिया, ट्रेनिंग एरिया एवं कंसलटेंसी सर्विसेज के बारे में अवगत कराया गया। यहां विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग और वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों कोसक्षम बनाना एवं उसमें एंटरप्रेन्योरशिप काबिलियत का निर्माण करना है। हम वरिष्ठ प्रबंधक एन के जैन ट्रेनिंग इंचार्ज एवं प्रबंधक आरके सिंह एवं इंजीनियर तरुण नाहरवाल का धन्यवाद करते हैं।जिन्होंने हमारे विद्यार्थियों को यह सुनहरा अवसर प्रदान किया । केंद्र का पूरा दौरा तरुण नाहरवाल द्वारा करवाया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की वर्कशॉप में मशीनरी के द्वारा बनाए जाने वाले उपकरणों कोदिखाया गया। इसके बाद वे विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी विभाग के प्रशिक्षण केंद्र में ले गए जहां उन्हें सामान्य इंजीनियरिंग का ज्ञान दिया गया। इस दौरे के सफल आयोजन में सोनिया विरमानी और हिमानी नारंग, मेधा फाउंडेशन से शाहिद, और अमन श्रीवास्तव ने अहम भूमिका निभाई।




---

**न्यूज डायरी**

## शॉर्ट वीडियो मेकिंग में नैंसी, अनुष्का अव्वल

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को मार्केटिंग विभाग के तत्वावधान में राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन शॉर्ट वीडियो ऐड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में 35 वीडियो प्राप्त हुईं। शॉर्ट वीडियो ऐड मेकिंग प्रतियोगिता में नैंसी और अनुष्का संयुक्त रूप से प्रथम रहीं। संवाद

---

**“When you change your thoughts, remember to also change your world.” —Norman Vincent Peale**

# आईबी कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते तीन पदक

हरिभूमि न्यूज ⏩ पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज के विजेता खिलाडी अपने टीचर्स के साथ। फोटो: हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ.राजेश कुमार ने बताया कि जयकिशन ने 85 किग्रा भार वर्ग रजत पदक जीता तथा छात्रा तमन्ना व आशी ने क्रमशः ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। विजेता खिलाड़ियों ने महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गग तथा प्रबधक समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, परमजीत कुंडु, डॉ शशि प्रभा ने बधाई व उज्वल भविष्य का आशावाद दिया। वहा कालज प्रशासन ने घोषणा की कि विजेता खिलाड़ियों को अपना खेल निखारने में हर संभव सहयोग किया जाएगा।

# अंग्रेजी विभाग के द्वारा वर्कशॉप का इनॉग्रल कार्यक्रम कराया गया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )



**आई.बी.** पीजी महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के द्वारा एक वर्कशॉप का इनॉग्रल कार्यक्रम कराया गया जिसका विषय एसेंशियल इंग्लिश रहा। इस प्रकार की वर्कशॉप तथा अन्य कोर्सेज अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष कराए जाते हैं। वर्कशॉप का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा के मूलभूत ज्ञान को बढ़ाना है। ताकि वे अपने अंग्रेजी भाषण स्किल को मजबूत बना सके तथा भविष्य में आने वाले रोजगार संबंधित अवसरों के लिए सक्षम हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया जिसमें प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उपप्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष डॉ सुमित शर्मा, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम तथा विभाग के अन्य सदस्य मौजूद रहे इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में कक्षा विषय वस्तु केंद्रित शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को रोजगार कौशल भी सिखाया जा रहे हैं ताकि भविष्य में उनके लिए रोजगार पाना सुगम हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों में सीखने की रुचि और उत्साह की भी सराहना की। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ नीलम ने विद्यार्थियों से कहा कि आज अंग्रेजी भाषा व्यवसाय की भाषा बन चुकी है उन्होंने कहा कि रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना बहुत जरूरी है।

04 **आज समाज**
पानीपत, गुरुवार, 07 नवंबर 2024

# आईबी महाविद्यालय में इंटर-जोनल युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रेस वार्ता



आज समाज नेटवर्क

**पानीपत।** आई. बी. महाविद्यालय में 12, 13 और 14 नवंबर को आयोजित होने वाले इन्टर-जोनल युवा महोत्सव के संबंध में आज एक प्रैस-वार्ता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने इस अवसर पर विस्तार से कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। डॉ. अजय गर्ग ने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पाँच जोनस की प्रथम और द्वितीय विजेता टीमें भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से युवा और सांस्कृतिक विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष एवं आर्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, एसडी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, दयाल सिंह कॉलेज करनाल की प्राचार्या डॉ. आशिमा और पानीपत के मीडिया जगत के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे। प्रो. विवेक चावला ने विश्वास व्यक्त किया कि महाविद्यालय इस दायित्व का निर्वहन बेहतरीन ढंग से करेगा।

“The road to success and the road to failure are almost exactly the same.” —Colin R. Davis

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

October & November-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 19





## Inaugural Session

November 12, 2024 at 10 am

Venue : Stage - I, Open Ground

**Chief Guest**
**Hon'ble Sh. Mahipal Dhanda**
Education Minister, Haryana

**Guests of Honour**
**Prof. Vivek Chawla**
Director, Youth and Cultural Affairs,
Kurukshetra University Kurukshetra

**Dr. Jagdish Gupta**
*President, Cultural Council*
Kurukshetra University Kurukshetra

**Kurukshetra University 45th Inter Zonal Youth Festival**

| STAGE-1 Open Ground Near Administrative Block | STAGE-2 Sports Ground Near Skill Development Centre | STAGE-3 Seminar hall | STAGE-4 Science Block 3rd Floor (Biology) | STAGE-5 Science Block 4th Floor (Computer) | STAGE-6 Girls Wing Near College Canteen |
|---|---|---|---|---|---|
| **Tuesday, 12th November, 2024 (10:00 am)** | | | | | |
| Inauguration<br>Choreography<br>Mime<br>Haryanvi Orchestra<br>Group Dance (General) | Group Song (Haryanvi)<br>Classical Dance (Solo)<br>Group Song (General)<br>Rituals<br>Sanskrit Drama | Classical Inst. Solo (P)<br>Classical Inst. Solo (NP)<br>Folk Inst. Haryanvi (Solo)<br>Folk Song Haryanvi (Solo) | On The Spot Painting<br>Poster Making<br>Rangoli | Quiz Pre (11AM)<br>Quiz Final (2 PM) | Saang |
| **Wednesday, 13th November, 2024 (10:00 am)** | | | | | |
| Haryanvi Pop Song<br>Haryanvi Loor Dance<br>One Act Play<br>Mimicry | Haryanvi/Hindi Skit<br>Indian Orchestra<br>Solo Dance Haryanvi M/F | Folk Song General<br>Light Vocal Indian<br>Classical Vocal Solo | Clay Modelling<br>Cartooning<br>Collage<br>Mehandi | Sanskrit Declamation<br>Debate | Saang |
| **Thursday, 14th November, 2024 (10:00 am)** | | | | | |
| Rasiya Haryanvi Group Dance<br>Group Dance (Haryanvi) | Westren Vocal Solo<br>Western Instrumental Solo<br>Westren Group Song | ———— | On the Spot<br>Photography<br>Installation | Elocution | |

**दैनिक भास्कर**

पानीपत भास्कर 09-11-2024

## गेट सेट पिच प्रतियोगिता में गौतम रहा प्रथम

**पानीपत|** आईबी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में गेट सेट पिच प्रतियोगिता हुई। प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में गौतम प्रथम, ईशा व आशना और पूजा ने दूसरा स्थान और हिमांशी, पूजा, सुगम, गुनगुन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**04 आज समाज**

पानीपत, रविवार, 10 नवंबर 2024

## आईबी पीजी कॉलेज ने कुवि वार्षिक एथलेटिक्स मीट में किया शानदार प्रदर्शन, जीते कई पदक

**आज समाज नेटवर्क**



**पानीपत।** जीटी रोड स्थित स्थानीय आई बी. पीजी महाविद्यालय की छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित वार्षिक एथलेटिक मीट 2024 - 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा का प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि 06 से 08 नवंबर 2024 तक कुरुक्षेत्र के श्री द्रोणाचार्य स्टेडियम में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र की वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया इसमें हमारे कॉलेज के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया तथा 4x400 मीटर रिले रेस प्रतियोगिता में छात्रा अंजलि, तन्नू, वंदना तथा अंशिका ने ब्रांज मेडल जीते।विजेता खिलाड़ियों के कॉलेज पहुंचने पर प्रबंध समिति के सदस्य श्री युधिष्ठिर मिगलानी तथा प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. राजेश कुमार और परमजीत कुंडू को बधाई दी इस अवसर उपप्राचार्य डॉ. शशि प्रभा, डॉ. सुनित शर्मा एवं अन्य प्राध्यापकगण व सेवादार मदन मौजूद रहे

**"I never dreamed about success. I worked for it." —Estée Lauder**

## निबंध प्रतियोगिता में अंजलि अव्वल

पानीपत। आईबी पीजी महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न शहरों से करीब 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अश्विनी गुप्ता की अगुवाई में आयोजित प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर निबंध लिखे। जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, इंटरनेट टेक्नालॉजी एंड रोबोट संबंधी विषय शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम की अंजलि ने प्रथम, आईबी पीजी कॉलेज पानीपत की अंजलि ने द्वितीय और मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद से राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार और ई-सर्टिफिकेट्स भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक ऐसी विधि है जिसके द्वारा कंप्यूटर, कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट या सॉफ्टवेयर को मानव मस्तिष्क की तरह बुद्धिमानी से सोचने में सक्षम बनाया जाता है। स्वास्थ्य सेवा में एआई बीमारियों के निदान और उपचार योजनाओं में सहायता करता है। शिक्षा में यह सीखने के अनुभवों को बेहतर करता है और छात्रों को वर्चुअल ट्यूशन भी प्रदान करता है। संवाद

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

## आईबी कालेज में 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का शानदार आगाज

### पहले दिन 34 विद्यालयों की 108 टीमों ने लिया भाग






महोत्सव में पहुंचे मेहमानों का स्वागत करते आयोजक व महोत्सव में अपनी प्रस्तुति से छटा बिखरते हुए विद्यार्थी। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल**

पानीपत, 12 नवंबर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित 12 से 14 नवम्बर तक होने वाले 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का आईबी महाविद्यालय में शानदार आगाज हुआ। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, केयूके के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक प्रो.विवेक चावला तथा आईबीएल सोसायटी तथा आईबी महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान धर्मबीर बत्रा, उपप्रधान बलराम नंदवानी, महासचिव लक्ष्मी नारायण मिगलानी, प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग, उपप्राचार्या डॉ.शशि प्रभा, सांस्कृतिक समिति के संरक्षक डॉ.निधान सिंह व संयोजिका डॉ.सुनीता ढांडा तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का शुभारम्भ किया। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह, शाल तथा पौधे भेंट कर किया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारे महाविद्यालय परिवार के लिए यह प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हमें इतनी बड़ी जिम्मेदारी के निर्वहन का मौका दिया है। इस के लिए वह केयूके के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद किया। शिक्षा मंत्री ने शिक्षा तथा संस्कृति के समन्वय का समाज विकास में महत्त्व पर बल देते हुए कहा कि हमारी गौरवशाली संस्कृति की समृद्ध परम्परा को जीवित रखने तथा उसके प्रसार के लिए इस तरह के जीवंत कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए ताकि शिक्षा तथा संस्कृति के संतुलित तालमेल से युवा वर्ग समाज को नई दिशा देता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभागिता के लिए प्रेरणा तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभागियों का इन कार्यक्रमों में प्रतिभागिता का उद्देश्य सिर्फ जीत हासिल करना ही नहीं होना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम उनमें प्रेरणाए संतुलन तथा साहस जैसे गुण पैदा कर कौशल विकास करते हैं। प्रो.विवेक चावला, केयूके की सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष तथा आर्य महाविद्यालय पानीपत के प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता, युवा व सांस्कृतिक विभाग से हरविन्द्र राणा, मारकण्डा नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अशोक चौधरी,केयूके से पर्यवेक्षक के रूप में तथा कुलपति के प्रतिनिधि डॉ.आनन्द कुमार आदि ने महोत्सव को गति देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर समालखा विधायक मनमोहन भडाना, भाजपा नेता गजेन्द्र सलुजा, अनिल धमीजा, अतुल मित्तल, नीतेश मित्तल, आईबीएल सोसायटी तथा आईबी महाविद्यालय प्रबंधन समिति से परमवीर ढींगरा, रवि गोंसाई, युधिष्ठिर मिगलानी, रमेश नागपाल, अशोक मिगलानी व राधेश्याम खुंगर उपस्थित रहे। वहीं युवा महोत्सव के सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि केयूके के कुलसचिव डॉ.संजीव शर्मा, विशिष्ट अतिथि चिकित्सक डॉ.दीपचंद जैन, चिकित्सक डॉ.रीत चंद्र जैन, डीएसपी जसवंत सिंह बांगर रहे। महोत्सव के पहले दिन 34 महाविद्यालयों की 108 टीमों ने 18 विद्याओं में भाग लिया।


दैनिक सवेरा
Wed, 13 November 2024
epaper.dainiksaveratimes.in/c/76219162

I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

October & November-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 19

## युवा महोत्सव के भव्य आयोजन से आईबी कालेज ने स्थापित किए नए कीर्तिमान : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

सवेरा न्यूज/ विनोद पांचाल

पानीपत, 15 नवंबर : आईबी महाविद्यालय में चल रहे 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का भव्यता के साथ समापन हुआ। इस महोत्सव में केयूके के 5 जोन के 51 महाविद्यालयों की लगभग 300 टीमों ने 44 विधाओं में भाग लिया। पांच जोन के युवा महोत्सवों में पहले और दूसरे स्थान पर रहे विजेताओं ने इंटर जोनल युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाई।

मंजे हुए कलाकारों ने सभी मंचों पर लगातार रंग, भाव और विचार के संगम की अद्भुत छटा बिखेरी। महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि आईएएस धर्मवीर सिंह भूतपूर्व मुख्य सचिव हरियाणा तथा सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टैक्नोलॉजी के संरक्षक, विशिष्ट अतिथि डॉ.अर्चना गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा, एसडीएम पानीपत ब्रह्मसिंह, प्रो.के.आर.धर्मवीर, आईबीएल सोसायटी तथा आईबी महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान धर्मबीर बत्रा, उप प्रधान बलराम नंदवानी, महासचिव लक्ष्मी नारायण मिगलानी, परमवीर ढींगरा, रवि गोंसाई, युधिष्ठिर मिगलानी, रमेश नागपाल, विपुल नागपाल, भीम सेतिया, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग, उप प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा, सांस्कृतिक समिति के संरक्षक डा.निधान सिंह एवं डॉ.सुनित शर्मा, प्रभारी डॉ.सुनीता ढांडा तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भारतीय परम्परा अनुसार दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का श्रीगणेश किया। हरियाणवी संस्कृति की पहचान पगड़ी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आईबी महाविद्यालय के लिए यह खुशी और गर्व के पल हैं कि विविध क्षेत्रों की महान हस्तियों का हमें सानिध्य प्राप्त हो रहा है।




महोत्सव में पहुंचे मेहमानों का स्वागत करते आयोजक। (मोहन लाल)

### युवा महोत्सव के भव्य तथा शानदार आयोजन को देखकर मुझे आनंद का अनुभव हो रहा

**केयूके** के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा तथा उनकी पत्नी डॉ.ममता सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि पी पी इंटरनेशनल के सीईओ तथा समाजसेवी अतुल मित्तल व उनकी धर्मपत्नी डोली मित्तल रहे। कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा ने युवा महोत्सव के सफल आयोजन पर आईबी महाविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि आईबी महाविद्यालय द्वारा युवा महोत्सव के भव्य तथा शानदार आयोजन को देखकर मुझे आनंद, सुख तथा प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। आईबी महाविद्यालय का केयूके में विशेष स्थान है और आज इस महोत्सव का भव्य आयोजन कर महाविद्यालय ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। युवा महोत्सव में ऑवर ऑल विजेता आर्य महाविद्यालय पानीपत रहा। ऑवर ऑल रनर अप एसडी महाविद्यालय पानीपत रहा।

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 15-11-2024

### आईबी पीजी कॉलेज में 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का समापन




पानीपत. आईबी पीजी कॉलेज में आयोजित 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव में विजेता ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए।

## आर्य कॉलेज ओवरऑल विजेता और अम्बाला का एसडी कॉलेज उपविजेता

भास्कर न्यूज़ | पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का गुरुवार को समापन हो गया। अंतिम दिन इस महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पांचों जोन से 51 कॉलेजों की लगभग 300 टीमों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने खास विधा हरियाणवी रसिया और हरियाणवी ग्रुप डांस में प्रस्तुति दी। इस इंटर जोनल युवा महोत्सव में ओवरऑल विजेता पानीपत का आर्य कॉलेज रहा। वहीं ओवरऑल उपविजेता अम्बाला कैंट का एसडी कॉलेज रहा।

महोत्सव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा तथा उनकी पत्नी डॉ. ममता सचदेवा और आईएएस धर्मवीर सिंह ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्चना गुप्ता, ब्रह्मसिंह, प्रो. केआर धर्मवीर और धर्मबीर बत्रा रहे। डॉ. अर्चना ने अटल बिहारी वाजपेयी की कविता 'भारत कोई भूमि का टुकड़ा नहीं, यह जीता जागता राष्ट्र पुरुष है' सुनाई और कहा कि विद्यार्थियों को अपने परिवार, समाज तथा देश से मात्र लेने की नहीं बल्कि कुछ देने की भावना रखनी चाहिए तभी देश और समाज का विकास होगा।

वहीं मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मौके पर कहा कि यह महोत्सव उत्साह, प्रतिभा, संस्कृति तथा संतुलन का संगम है। युवाओं को चाहिए कि वे जिस कार्यक्षेत्र में रुचि रखते हैं उसमें डूबकर जनून के साथ उसे ऊंचाइयों पर लेकर जाए तथा देश व समाज के लिए अपनी कला एवं प्रतिभा को समर्पित करें।



आईबी पीजी कॉलेज में आयोजित 45वें इंटर जोनल युवा महोत्सव में प्रस्तुति देती छात्राएं।

| विधा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| रसिया | एसडी कॉलेज अम्बाला कैंट | आर्य कॉलेज पानीपत | जीएनजी कॉलेज, यमुनानगर |
| हरियाणवी समूह नृत्य | आर्य कॉलेज, पानीपत | एसडी कॉलेज पानीपत | यूटीडी, कुरुक्षेत्र |
| वेस्टर्न ग्रुप सॉन्ग | एसडी कॉलेज, अम्बाला कैंट | खालसा कॉलेज, करनाल | जीएनजी कॉलेज, यमुनानगर |
| वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो | आर्य कॉलेज, पानीपत | एसडी कॉलेज,अम्बाला कैंट | एमएलएन कॉलेज, यमुनानगर |
| ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी | यूटीडी,कुरुक्षेत्र | आर्य कॉलेज,पानीपत | जीसी सेक्टर 1, पंचकूला |

### नृत्य ट्रॉफी एसडी कॉलेज पानीपत ने जीती

नृत्य, थिएटर, संगीत, ललित कला और साहित्यिक विधा में विजयी ट्रॉफी दी जाती है। नृत्य की ट्रॉफी एसडी कॉलेज पानीपत, थिएटर और संगीत की ट्रॉफी आर्य कॉलेज पानीपत, साहित्यिक विधाओं और ललित कला की ट्रॉफी एसडी कॉलेज अम्बाला कैंट ने हासिल की। नृत्य की रनरअप ट्रॉफी चौ. ईश्वर सिंह कन्या कॉलेज फतेहपुर पूंडरी, थिएटर में आरकेएसडी कॉलेज कैथल, संगीत में एसडी कॉलेज अम्बाला कैंट, साहित्यिक विधाओं और ललित कला में आर्य कॉलेज ने जीती।

I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

October & November-2024

Issue No: 19

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 20-11-2024

आईबी कॉलेज में ऑनलाइन सेशन

## विद्यार्थियों ने जाना एआई और साइबर सिक्योरिटी का महत्व



भास्करन्यूज़ | पानीपत

आईबी कॉलेज में बीसीए और बीएससी फाइनल के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को ऑनलाइन सेशन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सिक्योरिटी और प्रोग्रामिंग डेवलपमेंट के बारे में बताया। कार्यक्रम इंटर्नशिप सेल एवं हनीवेल और आईसीटी एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को बताया कि सेशन का यह अनुभव आपके कौशल को आकार देने और आपके ज्ञान को विस्तारित करने में महत्वपूर्ण हैं, जो आपको दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी। वहीं, इंटर्नशिप सेल संयोजिका माधवी ने कहा कि डिजिटल साइबर हमलों में वृद्धि ने साइबर सुरक्षा को महत्वपूर्णबना दिया है। आईसीटी अकेडमी की तरफ से मिस चांदना ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया की श्रेष्ठ तकनीकों में से एक है। इस तकनीक की सहायता से ऐसा सिस्टम तैयार किया जा सकता है, जो मानव बुद्धिमत्ता यानी इंटेलिजेंस के बराबर होगा। इस तकनीक के माध्यम से अल्गोरिथम सीखने, पहचानने, समस्या, -समाधान, भाषा, लॉजिकल रीजनिंग, डिजिटल डेटा प्रोसेसिंग, बायोइन्फार्मेटिक्स और मशीन बायोलॉजी को आसानी से समझा जा सकता है।

## आईबी कालेज में 6 छात्रों का दो कंपनियों में हुआ चयन



**पानीपत/कौशिक** : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई के तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया । दो कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिनमें एनआईआईटी लिमिटेड से मनोज कश्यप एवं कविता व आईआईएफएल से धर्मपाल व सन्दीप ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं व उज्वल भविष्य की दिशा सुनिश्चित करते हैं। संयोजिका डॉ.अर्पणा गर्ग रही। संचालन डॉ.अंजलि व डॉ.पूनम गुप्ता के निरीक्षण में हुआ। साक्षात्कार हेतु 50 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया। चार छात्रों का चयन एनआईआईटी लिमिटेड व दो का चयन आईआईएफएल हेतु हुआ। एनआईआईटी लिमिटेड का वार्षिक पैकेज 4.42 लाख व आईआईएफएल का वार्षिक पैकेज 2.22 लाख है।

04 आज समाज पानीपत , शनिवार, 23 नवम्बर, 2024

## आई .बी की छात्राओं ने इंटर-कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता (महिला) में दो पदक जीते



आज समाज नेटवर्क

पानीपत। जी.टी. रोड स्थित आई.बी महाविद्यालय की छात्राओं ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर - कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता (महिला) में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया 16 अक्टूबर 2024 को केयूके में इंटर - कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता (महिला) का आयोजन हुआ, इसमें हमारे महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए छात्रा मनीषा ने स्वर्ण पदक जीता तथा छात्रा निकिता ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। विजेता खिलाड़ियो के महाविद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग तथा प्रबंधक समीती के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. राजेश तथा परमजीत कुंडू को बधाई दी। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ. शशि प्रभा तथा अन्य प्रोफेसर मौजूद रहे।

## इंग्लिश विषय पर आधारित वर्कशॉप संपन्न

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/ ( कमाल हुसैन )

आई. बी. (पीजी) महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के द्वारा एसेंशियल इंग्लिश विषय पर आधारित वर्कशॉप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रकार की वर्कशॉप तथा अन्य कोर्सेज अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष कराए जाते हैं। वर्कशॉप का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति डर को दूर करना था। ताकि वे अंग्रेजी भाषा से संबंधित अपनी कमियों को दूर कर सके तथा भविष्य में आने वाले रोजगार संबंधित अवसरों के लिए सक्षम हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। जिसमें आईबी पीजी कॉलेज



की गवर्निंग बॉडी के मेंबर युधिष्ठिर मिगलानी , प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉक्टर नीलम तथा विभाग के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री युधिष्ठिर मिगलानी जी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उनके ज्ञान को बढ़ाती हैं। प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में कक्षा विषय वस्तु केंद्रित शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के भाषा आधारित वर्कशॉप कॉलेज द्वारा समय-समय पर आयोजित करवाए जाते हैं

**जागरूक किया**

**▶▶ डॉ नीलम ने विद्यार्थियों से कहा कि अंग्रेजी भाषा विश्व की सबसे महत्वपूर्ण भाषाओं में से एक**

ताकि भविष्य में उनके लिए रोजगार पाना सुगम हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों विद्यार्थियों को इस वर्कशाप के लाभ बताते हुए उन्हें इस वर्कशॉप से जुड़ने की बधाई दी। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ नीलम ने विद्यार्थियों से कहा कि अंग्रेजी भाषा विश्व की सबसे महत्वपूर्ण भाषाओं में से एक है।

"Goal setting is the secret to a compelling future." —Tony Robbins

दैनिक भास्कर

पानीपत भास्कर 24-11-2024

पानीपत, रविवार, 24 नवंबर, 2024 | 2

### जॉब सीकर की बजाय जॉब प्रोवाइडर बनें: मित्तल

**पानीपत|** आईबी पीजी कॉलेज में विकसित भारत 2047 के रास्ते में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अवसर और चुनौतियां विषय पर ऑनलाइन सेमिनार हुआ। प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि अवसरों की पहचान और प्रगति में बाधा बनने वाली चुनौतियों का समाधान करना आवश्यक है।



आईबी पीजी कॉलेज में कॉन्फ्रेंस में मोजूद विषय विशेषज्ञ।

मुख्य अतिथि पूर्व वीसी प्रो.आरके मित्तल ने कहा कि प्राचीन काल में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। इस समय हमें सिर्फ इसी व्याख्या को पूर्ण निर्माण करने की जरूरत है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती है कि कैसे आज की युवा पीढ़ी को एम्पलाईबल बनाया जाए। युवाओं को ट्रेनिंग देने की जरूरत है ताकि आज की युवा पीढ़ी जॉब्स सीकर की जगह जॉब प्रोवाइडर बन सके।

### आईबी कालेज के 3 खिलाड़ियों ने जीते ग्रीको कुश्ती में पदक

**सवेरा न्यूज/ विनोद पांचाल**

पानीपत, 25 नवंबर : आईबी महाविद्यालय के छात्रों ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर कॉलेज कुश्ती ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीते। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ.राजेश कुमार ने बताया हमारे महाविद्यालय की खिलाडि?ों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 92 कि.ग्रा. में गुरमीत ने सिल्वर मेडल, 72 कि.ग्रा. में राहुल ने ब्रांज मेडल तथा 82 कि.ग्रा. में नवीन ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। गुरमीत अब ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग कंपीटिशन के लिए यूनिवर्सिटी में कैम्प भी लगाएगा।

वहीं विजेता खिलाडि?ों के महाविद्यालय पहुँचने पर प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग तथा प्रबंधक समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी ने सम्मानित किया तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. राजेश तथा परमजीत कुंडू को बधाई दी। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ.शशि प्रभा आदि मौजूद रहे।



अपने पदक के साथ खिलाड़ी। (मोहन लाल)

### संविधान लागू होने के बाद बना भारत संप्रभु गणराज्य : डा.अजय गर्ग

#### आईबी कालेज में मनाया संविधान दिवस



संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए वक्ता। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/ विनोद पांचाल,** पानीपत, 26 नवंबर : आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एवं राजनीति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को बताया गया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया। जिस वर्ष संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ.बीआर अंबेडकर की 125वीं जयंती थी। राजनीति विभाग की संयोजिका डॉ.किरण मदान व एनएसएस की संयोजिका प्रो.खुशबू ने भी संविधान दिवस पर अपने विचार रखे। मंच संचालन स्वयंसेविका खुशी ने किया। डॉ.नीतू द्वारा सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ.निधान सिंह, पूजा, मोहित व गणेश आदि उपस्थित रहे।

दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...

### आईबी कालेज में उच्च शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर कांफ्रेंस का ब्लेंडेड मोड़ में किया आयोजन



आईबी कालेज में उच्च शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर कांफ्रेंस का ब्लेंडेड मोड़ में उपस्थित अतिथिगण। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल**

पानीपत, 23 नवंबर : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य व प्रबंधन विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में उच्च शिक्षा विभाग पंचकूला हरियाणा द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर पर कांफ्रेंस का ब्लेंडेड मोड़ में आयोजन किया गया। कांफ्रेंस का विषय विकसित भारत/2047 के रास्ते में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अवसर और चुनौतियां रहा। ऑनलाइन प्रतिभागी इस कांफ्रेंस में माइक्रोसॉफ्ट टीम प्लेटफार्म द्वारा जुड़े। कांफ्रेंस का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान धर्मवीर बत्रा, उप- प्रधान बलराम नंदवानी, महासचिव लक्ष्मी नारायण मिगलानी, प्रबंधन समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग, उप-प्राचार्या डा. शशि प्रभा, संयोजक डा. सुनित शर्मा, संयोजिका प्रो. हिमांशी, डा. निधान सिंह, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डा. विक्रम कुमार सह-संयोजक प्रो. अजय पाल सिंह, प्रो. माधवी एवं प्रो. ज्योति द्वारा दीप प्रज्वलित करके व मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कांफ्रेंस की संयोजिका हिमांशी ने कहा कि आज हम तकनीक का उपयोग करके देश के विभिन्न हिस्सों से वक्ताओं और प्रतिनिधियों से जुड़ते हैं। कांफ्रैंस के उद्घाटन सत्र के कीनोट स्पीकर डा. सुरेंद्र बंसल प्रो. दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने भी अपने विचार रखे। कांफ्रेंस में अध्यापकों एवं शोधार्थियों ने विभिन्न विषयों पर लगभग 100 शोध पत्र प्रस्तुत किए। मंच का संचालन माधवी, डा. ज्योति गहलोत ने किया।

दैनिक सवेरा टाइम्स Sun, 24 November 2024
epaper.dainiksaveratimes.in/c/76289093

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

October & November-2024

## COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 19


# जिन गलियों में अंधकार हो, दीपक वहां जलाता चल....

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पानीपत।** दीपक की तरह जलकर दूसरों को प्रकाश देना हर किसी के बस की बात नहीं। परंतु जो ऐसा कर जाते हैं, वे जीते जी अमर होते हैं। बाद में भी अपना नाम रोशन कर जाते हैं। ऐसे थे सेठ इंद्रभान ढींगड़ा जिन्होंने पाकिस्तान में शिक्षा का जो दीपक जलाया था, वह आज मशाल बनकर हजारों तरुण और तरुणियों का जीवनपथ आलोकित कर रहा है।

एक नन्हा-सा पौधा विभिन्न शाखाओं वाला वटवृक्ष बनकर अपनी सघन छाया में इस देश की नई पीढ़ी को जीने की कला सिखा रहा है। इसी संदेश के साथ सेठ इंद्रभान ढींगड़ा को याद करते हुए आईबीएल शिक्षण संस्थान ने अपना 78वां संस्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन आईबीएल पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईबी कॉलेज के प्रांगण में हवन आहुति द्वारा किया गया। तत्पश्चात शिक्षण संस्थानों को आरंभ करने वाले व अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले लैय्या समाज के दिवंगत समाजसेवियों को माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज तथा स्वामी योगेश्वरानंद पुरी, मुरथल से स्वामी दयानंद सरस्वती, हैदराबादी अस्पताल के प्रधान शंभुलाल लखीना, समाजसेवी लोकेश नांगरू तथा महेश रहेजा, युधिष्ठिर शर्मा, राजेश नागपाल, तेज प्रकाश गोयल तथा सुमित गोयल ने शिरकत की। वहीं, संस्था के उपप्रधान परमवीर ढींगड़ा, सचिव रवि गोसाई, कार्यकारिणी सदस्य एलएन मिगलानी, रमेश नागपाल, अरुण बत्तरा तथा स्कूल प्रबंधक युधिष्ठिर मिगलानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



आईबीएल स्कूल में आयोजित समारोह में अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। संस्थान

विद्यालय के नन्हे बच्चों द्वारा अतिथियों का रोली-चंदन का तिलक लगाकर उनका सम्मान किया गया। सम्मानित मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आईबी संस्था के सचिव रवि गोसाई ने शिक्षण संस्था की तरफ से अतिथियों का स्वागत किया। आईबी कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन तथा प्रधानाचार्या जयश्री गर्ग ने आईबी स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इंद्रधनुषी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति में आईबीएल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना, हरियाणवी नृत्य, नारी सशक्तिकरण पर नृत्य व भांगड़ा पेश किया। आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तिकड़ी नृत्य, देशभक्ति गीत व हरियाणवी सामूहिक नृत्य किया। अवेकस वैदिक मैथ में कौन बनेगा चैंपियन प्रतियोगिता में आईबी पब्लिक स्कूल के 8 विद्यार्थी विजेता रहे। इसमें प्रथम स्थान पर दूसरी कक्षा के नैतिक ने एलईडी टीवी तथा द्वितीय स्थान पर कक्षा छठी से दिवांश ने म्यूजिक सिस्टम, तृतीय स्थान पर कक्षा तीसरी से मयंक, चतुर्थ स्थान पर कक्षा चौथी से जय को 1100 का नकद इनाम देकर सम्मानित किया।

"Goal setting is the secret to a compelling future." —Tony Robbins